दिनांकः 27.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राजस्थान उच्च न्यायालय में आज तीन नए न्यायाधीशों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव ने तीनों न्यायाधीशों प्रमिल कुमार माथुर, चंद्रशेखर शर्मा और चंद्रप्रकाश श्रीमाली को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनकी शपथ के साथ ही राजस्थान हाईकोर्ट में कुल 33 न्यायाधीश हो गए हैं। समारोह में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका का मुख्य उद्देश्य त्वरित और निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त न्यायाधीशों से अपेक्षा है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निभाएंगे और न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत बनाएंगे।

........................

जयपुर जिला कलेक्ट्रेट में आज से संभाग स्तरीय बजट पूर्व परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाली इस कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ और हितधारक संवाद करेंगे और अपने सुझाव देंगे। कार्यशाला में रोजाना दो सत्र होंगे। इनमें विभिन्न क्षेत्रों और विषयों पर चर्चा की जाएगी। आज उद्घाटन सत्र में कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि, उद्योग और सेवा क्षेत्र के हितधारक, कर सलाहकार और व्यवसायियों के साथ चर्चा की जा रही है।

........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे। राजधानी के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित रैली की इस वर्ष की थीम ''युवा शक्ति, विकसित भारत'' रखी गई है। आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता दर्शायी जाएगी। रैली में 18 मित्र देशों के 144 युवा कैडेट की भी भागीदारी होगी। इसके अलावा, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय से संबद्ध साढे छह सौ से अधिक स्वयं सेवक भी रैली में विशेष अतिथियों के रूप में शामिल होंगे।

........................

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने आज बालोतरा की कल्याणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। श्री दिलावर ने वहां की व्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता पर ध्यान देने के निर्देश दिये।

........................

**और अब महाकुंभ से जुड़ी खबरें –**

प्रयागराज में महाकुम्भ क्षेत्र को आज से वाहन रहित क्षेत्र घोषित किया गया है। यह फैसला 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर संभावित भारी भीड़ के सुचारू प्रबंधन के लिए लिया गया है। लोगों की सुविधा के लिए 12 किलोमीटर लम्बे घाट का निर्माण किया गया है।

एकीकृत नियंत्रण और कमान केंद्र को भीड़ पर नजर रखने तथा संगम पर अत्यधिक श्रद्धालुओं के जुटने पर नियंत्रण के लिए सक्रिय कर दिया गया है। किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अधिक भीड–भाड वाले क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई दल तैनात किए गए हैं।

........................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतर स्थानों पर रात के तापमान में कमी आई है। इस दौरान कहीं–कहीं शीतलहर दर्ज की गई। भीलवाडा में आज ठंडी हवा का दौर बना हुआ है। करौली और पाली में तेज सर्दी के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं हनुमानगढ में तेज धूप खिलने से लोगों को ठंड के असर से राहत मिली है। अधिकतम जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार आज सबसे कम शून्य दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रिकॉर्ड हुआ। सीकर और संगरिया में 1 दशमलव 4 डिग्री, करौली में 2 दशमलव 9, नागौर में 2 दशमलव 8, अलवर में 3 दमशलव 2, चूरू में 3 दमशलव 4, पिलानी में 3 दमशलव 7, सिरोही,

भीलवाडा और अंता में 4 दमशलव 9, चित्तौडगढ में 5 दमशलव 2 और राजधानी जयपुर में 8 दमशलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

.........................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित होने वाली आरएएस प्री भर्ती परीक्षा 2024 के लिए आवंटित जिलों की जानकारी आयोग ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इसके लिए अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर परीक्षा केंद्रों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।